हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 दिसंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

11 राजाराव पठार में ऐतिहासिक वीर मेला का शुभारंभ



12 ओड़िशा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा धान पकड़ाया





## खबर संक्षेप

### महिला खेलकूद प्रतियोगिता एवं युवा उत्सव आज

**धमतरी।** जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता एवं जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन 9 दिसंबर को बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब धमतरी में प्रातः 10 बजे से होगा। प्रतियोगिता का उद्देश्य जिले में खेल भावना को प्रोत्साहित करना, युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान करना तथा महिलाओं में खेलकूद के प्रति उत्साह को बढ़ावा देना है।

### पेंशनरों की बैठक 10 को

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 10 दिसंबर बुधवार को दोपहर 12 बजे से आयोजित की जाएगी। नये सदस्यों का सम्मान तथा 17 दिसम्बर को स्थापना दिवस समारोह पर चर्चा की जायेगी। सदस्यों से उपस्थित होने की अपील अध्यक्ष भगवानीराम शांडिल्य एवं सचिव शत्रुहन साहू ने की है।

### सिर्री में सत्संग समारोह 14 व 15 को

**सिर्री।** ग्राम सिर्री के अटल चौक में राजकुमार साहू, ठाकुरराम, लीलाराम द्वारा 14 और 15 दिसंबर को सत्संग का आयोजन किया गया है।



प्रवचनकर्ता निष्ठा साहेब बाराबंकी उत्तरप्रदेश होंगे। वे अपनी संत मंडलियों के साथ पहुंचेंगे। प्रवचन का समय सुबह 10 से 1 बजे तक एवं दोपहर 2 से 5 बजे तक है। यह जानकारी ठाकुरराम साहू ने दी है।

### उड़ेना में टेनिस बाल क्रिकेट 6 जनवरी से

**पुरी।** ग्राम उड़ेना में ग्रामीण स्तरीय पांच दिवसीय टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन 6 जनवरी से किया गया है। प्रवेश की अंतिम तिथि 12 दिसंबर है। प्रवेश शुल्क 1600 रुपये है। प्रथम पुरस्कार 30001 रु. एवं ट्राफी, द्वितीय पुरस्कार 15001 रु. एवं ट्राफी दी जायेगी। प्रतियोगिता की तैयारी में होम चंद्राकर, टिकेंद्र नेताम, योगराज कुर्रे जुटे हैं।

### जिले के 18 खरीदी केंद्रों से 35 हजार क्विंटल का हुआ परिवहन

# लंबे इंतजार के बाद शुरू हुआ धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

लंबे इंतजार के बाद आखिरकार धान का उठाव शुरू कर दिया गया है। चार दिन में 18 खरीदी केंद्रों में धान का उठाव किया गया। प्राथमिकता उन खरीदी केंद्रों को दी जा रही है जहां पर बफर लिमिट से अधिक धान की खरीदी हो चुकी है। उधर उठाव शुरू होने के बाद प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ाने का रास्ता भी साफ होता नजर आ रहा है।

धान खरीदी शुरू हुए 23 दिन हो चुके हैं। अब जाकर शासन ने धान का उठाव शुरू किया है। शुक्रवार से धान का उठाव चल रहा है। पिछले चार दिन में राइस मिलर्स ने 18 खरीदी केंद्रों से 34 हजार 910 क्विंटल धान का उठाव किया है।

उल्लेखनीय है कि खरीदी केंद्रों में धान जाम रहने के कारण प्रतिदिन खरीदी की लिमिट भी कम रखी गई थी, जिससे किसान काफी परेशान थे। टोकन नहीं कटने के कारण 90 हजार से ज्यादा किसान एक बार भी धान नहीं बेच पाए हैं। अब धान का उठाव शुरू हो गया है। शुरूआती दौर में उठाव की रफ्तार धीमी है। धीरे धीरे उठाव में तेजी आएगी। उठाव शुरू होने से समितियों में जगह भी खाली हो रहे हैं। अब प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ाने पर समितियों में कोई परेशानी नहीं होगी।



#### इन केंद्रों से उठाव

जिन केंद्रों में धान खरीदी बफर लिमिट से ज्यादा हो चुकी है, उन केंद्रों में प्राथमिकता के साथ धान का उठाव किया जा रहा है। अब तक कुरूद, लोहरसी, आमदी, भटगांव, कोर्रा, बागतराई, पोटियाडीह, तरसींवा, चर्रा, लीलर, कोसमर्रा, कुहकुहा, भोथली, सेमरा, सम्बलपुर, कातलबोड़, चिंवरी, रामपुर, सलोनी सहित कुल 18 धान खरीदी केंद्रों से 34 हजार910 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

#### साढ़े 14 लाख क्विंटल धान की खरीदी

जिले के सभी 100 धान खरीदी केंद्रों में खरीदी ने रफ्तार पकड़ ली है। अब तक 31 हजार 342 किसानों से 14 लाख 54 हजार 838 क्विंटल धान खरीदा गया है। उल्लेखनीय है कि अभी किसान धान की मिंजाई के बाद चने की बोनी में व्यस्त हो गए हैं। 15 दिन के बाद चने की बोनी कम्पलीट होने के धान बेचने के लिए टोकन की और मारामारी होगी। स्थिति को देखते हुए प्रतिदिन खरीदी की लिमिट बढ़ाने के लिए खरीदी केंद्रों से आवेदन भेजा गया है।

## उड़नदस्ता दल ने प्रतिष्ठानों में मारा छापा 123.20 क्विंटल अवैध धान जब्त किया



**धमतरी।** जिले में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का कार्य 15 नवंबर से 31 जनवरी 2026 तक संचालित किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देशानुसार धान खरीदी प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू रखने के उद्देश्य से अवैध धान परिवहन, भंडारण तथा कोचियों, बिचौलियों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

इसी क्रम में नगरी क्षेत्र के विभिन्न प्रतिष्ठानों संतोष खण्डेलवाल, शिवम ट्रेडर्स घुटकेल, दीपक ट्रेडर्स बोराई तथा चम्पालाल बाबूलाल बोराई में राजस्व विभाग, खाद्य विभाग, कृषि विभाग एवं कृषि उपज मंडी के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान मंडी अधिनियम 1972 के तहत कार्रवाई करते हुए उपरोक्त फर्मों, संचालकों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर कुल 123.20 क्विंटल अवैध धान जब्त किया गया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी को प्रभावित करने वाली किसी भी अवैध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उड़नदस्ता दल द्वारा अवैध धान के भंडारण और परिवहन पर आगे भी सतत एवं कठोर कार्रवाई जारी रहेगी।

ग्राम सेमरा बी की घटना

# मेहमान युवक की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या की

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

मौसा के घर काम करने आए मेहमान युवक की बदमाशों ने चाकू मारकर हत्या कर दी है। घटना के बाद सभी आरोपी फरार हो गए।

परिजन व अस्पताल चौकी पुलिस के अनुसार रोहित नाग पिता रामाधार उम्र 23 वर्ष ग्राम ठेलकाबोड़ जिला कांकेर निवासी लगभग महीने भर पहले अपने मौसा गोपालराम ढीमर ग्राम सेमरा बी (बारना) थाना कुरूद निवासी के यहां उसके मकान निर्माण कार्य में सहयोग करने आया था। युवक मौसा के घर रहकर काम करता था। रविवार को रोहित अपने मौसेरे भाई यादराम ढीमर व गांव के खेम पटेल के ट्रेक्टर में बैठकर धान खाली करने कुरूद मंडी गया था जहां से रात्रि में धान खाली करके ट्रेक्टर में बैठकर ग्राम सेमरा आ गया। गांव के चौक के पास ट्रेक्टर से उतरकर दोनों भाई पैदल घर पहुंच गए। हाथ पैर धोने के बाद रात्रि 9.30 बजे दोनों घर में खाना खाने बैठ गए। इसी दौरान घर के बाहर शोरगुल व गाली-गलौज की आवाज सुन रोहित खाना छोड़कर बाहर निकल रोड की तरफ चला गया।



मृतक गोपालराम

इसी दौरान मोटरसाइकिल में पांच युवक पहुंचे और रोहित के सिर के बाल को पकड़ उसके पेट के बाएं हिस्से व जांघ पर चाकू से हमला कर दिया। घटना के बाद पांचों युवक मोटर साइकिल में सवार होकर भाग गए थे। यादराम का कहना है कि एक बदमाश ने पिस्तौल जैसी चीज तान दी थी। उसने दो बदमाश को पहचान लेने का दावा किया है। वहीं तीसरे का चेहरा बताया। पहचाने गए दो बदमाश को ग्राम दोनर का रहने वाला बताया। परिजनों ने कार की मदद से घायल को उपचार के लिए तत्काल मसीही अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज के दौरान घायल युवक देर रात्रि मौत हो गई। चौकी पुलिस ने पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।



चौकी में पंचनामा करती पुलिस व उपस्थित मृतक के परिजन।

#### बदमाशों ने पिस्तौल भी निकाली थी

मौसेरा भाई यादराम ढीमर ने बताया कि चाकू के हमले से रोहित घायल पड़ा था। वह उसके पास जा रहा था, तभी एक बदमाश ने उसे रोकने के लिए जेब से पिस्तौल जैसी चीज निकालकर टिका दिया। उसके सभी वहां से भाग गए। चाकूबाजी करने से पहले बदमाशों ने गांव के कुलेश्वर साहू की जांघ में रॉड से हमला किया था। यादराम ने तीन बदमाश को पहचानने की बात कही है।

#### तीन युवक को पकड़ा गया

इस संबंध में एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि सोमवार की सुबह मसीही अस्पताल से सूचना मिली कि एक युवक को गंभीर हालत में लाया गया था। उसकी मौत हो गई है। कुरूद थाना में मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है। प्रारंभिक में तीन लोगों के नाम सामने आए हैं। तीनों को पकड़कर पूछताछ की जा रही है। आगे नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# वनग्राम के किसानों में पनप रहा है आक्रोश



- रकबा संशोधन, भौतिक सत्यापन के लिए कलेक्टर दरबार पहुंचे कृषक

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

वनग्रामों के किसानों को इस साल समर्थन मूल्य पर धान बेचने के लिए खूब पापड़ बेलना पड़ रहा है। बावजूद समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा है। पीड़ित किसानों में शासन-प्रशासन के खिलाफ खूब नाराजगी देखी जा रही है। सोमवार को कलेक्टर जनदर्शन में केरेगांव तथा घटुला उपार्जन केन्द्र के किसानों ने आवेदन कर समस्या का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है।

केरेगांव उपार्जन केन्द्र अंतर्गत ग्राम कुरमाझर, खड़ादाह, बासीखाई, डोकाल, बेंद्रापानी, पंडरीपानी के किसानों ने बताया कि वे पन पट्टाधारी किसान हैं। सन 2011-12 से प्रतिवर्ष केरेगांव उपार्जन केन्द्र में अपनी उपज बेचते आ रहे हैं लेकिन इस साल समिति के पोर्टल में सभी किसानों का रकबा नहीं बता रहा है। इसके सुधार के लिए वे तहसील कार्यालय, पटवारी, ग्राम सेवकों का चक्कर लगा रहे हैं। उन्हें मात्र आश्वासन दिया जाता है लेकिन अभी तक सुधार नहीं हो पाया है। कलेक्टोरेट पहुंचे किसान भगवान सिंह नेताम, नारदराम मरकाम, हरखराम, मन्नूराम, सुरेश आदि ने कहा कि शासन ने सुधार कराने 15 दिसंबर तक का समय बढ़ाया है। कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। वन ग्रामवासियों ने पूर्व पंजीयन के तहत रकबा संशोधन शीघ्र करने की मांग की है।

#### धान बेचने से वंचित हुए तो हो जाएंगे बर्बाद



बेलरगांव तहसील के ग्राम पंचायत बिरनासिल्ली के आश्रित ग्राम बहीगांव के कृषकों ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि सभी ग्रामवासियों ने खरीफ फसल में धान की उपज ली है। उपार्जन केन्द्र में अभी तक भौतिक सत्यापन लंबित बताया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 नवम्बर को पटवारी ने पुनः भौतिक सत्यापन किया है लेकिन अभी पोर्टल पर रकबा लंबित बता रहा है। उन्होंने कहा कि धान बेचने से वंचित होने पर किसान बर्बाद हो जाएंगे।

## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969

## जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

# जमीन कारोबारियों का आंदोलन थमा

### महापौर रामू रोहरा ने प्रभारी मंत्री टंकराम वर्मा से चर्चा कर दिलाया आश्वासन



हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

जमीन कारोबारी संघर्ष समिति का आंदोलन स्थगित हो गया है। महापौर रामू रोहरा ने राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा से फोन पर चर्चा कर आश्वासन दिलाया है। आश्वासन के बाद 1 दिसंबर से जारी आंदोलन पर फिलहाल विराम लग गया है।

जमीन खरीद-बिक्री की गाइडलाइन में की गई बढ़ोतरी के विरोध में जमीन कारोबारी संघर्ष समिति का 1 दिसंबर से आंदोलन जारी था। अध्यक्ष रितुराज पवार ने बताया कि गाइडलाइन में की गई भारी भरकम बढ़ोतरी के विरोध में समिति के लोग पिछले 8 दिनों से गांधी मैदान में धरना-प्रदर्शन कर रहे थे। आंदोलन 15 दिसंबर तक किया जाना था। इस बीच रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने शासन के निर्णय को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को पत्र लिखा है। शासन ने गाइडलाइन में बदलाव की मंशा जताई है। उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन पूरी तरह से खत्म नहीं हुआ है। इसे अभी स्थगित किया गया है। जिला मूल्यांकन समिति धमतरी की स्थिति को देखकर गाइडलाइन तैयार कर 31 दिसंबर तक केन्द्रीय मूल्यांकन बोर्ड को भेजेगी। फिलहाल आंदोलन को स्थगित किया गया है।



## खबर संक्षेप

### सिर्री में पंथी प्रतियोगिता 19 व 20 दिसंबर को

**सिर्री।** ग्राम सिर्री में ग्रामवासियों के सहयोग से 19 और 20 दिसंबर को पंथी नृत्य और झांकी प्रतियोगिता रखी गई है। पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 5555, द्वितीय 3333, तृतीय 2222 रुपए दिया जायेगा। वहीं महिला वर्ग में प्रथम पुरस्कार 4444, द्वितीय 2222, तृतीय 1555 रूपये निर्धारित है। विशेष पुरस्कार स्वरूप गायन में 555 रुपए, वेशभूषा 555 रुपए, मीनार 555 रुपए, झांकी 555 रूपये, नृत्य में 555 रूपये से पुरस्कृत किया जाएगा। 19 और 20 दिसंबर को 12 से 3 बजे तक पहले तीन मंचस्थ मंडलियों को आकर्षक पुरस्कार स्वरूप 555 रुपए 1 घंटे नियत समय की प्रस्तुति पर दिया जायेगा। प्रत्येक मंचस्थ मंडलियों को ग्रामीणों के सहयोग से सांत्वना राशि 2222 रूपये दी जाएगी। स्पर्धा में प्रवेश शुल्क 201 है। समापन दिवस पर 20 दिसंबर को मड़ई होगी। रात्रि में चंपा बसन लोककला छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भकुर्रा राजनांदगांव की प्रस्तुति होगी। तैयारी में भागवत मनहर शिक्षक, धनेश बंजारे अध्यक्ष, कमलेश टंडन उपाध्यक्ष, लेखराम घृतलहरे सचिव, भारत घृतलहरे संरक्षक, परमानंद सोनवानी, कामेश बंजारे, चंद्रहास, ओमप्रकाश, धनेश मनहर, तुलाराम, कैलाश कुमार, भोजराम जुटे हुए हैं।

### साक्षात्कार एवं कौशल परीक्षा 11 को

**धमतरी।** महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित सखी वन स्टॉप सेंटर धमतरी के सुचारू संचालन के लिए 6 पदों पर सेवा प्रदाता की नियुक्ति की जानी है। इसके लिए कुल 22 अभ्यर्थियों का 11 दिसम्बर को आजीविका महाविद्यालय धमतरी में सुबह 9 बजे से साक्षात्कार, कौशल परीक्षा आयोजित की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का ने बताया कि पात्र सेवा प्रदाताओं की पदवार सूची, रोल नंबर, प्रवेश पत्र का प्रारूप धमतरी जिले की वेबसाईट में देखा जा सकता है।

## निधन

### त्रिवेणी देवांगन



**मगरलोड।** ग्राम बोड़रा निवासी श्रीमती त्रिवेणी देवांगन 72 वर्ष का निधन 7 दिसंबर रविवार को हो गया। वे अपने पीछे पुत्र सुरेश, वाकर, तरूण देवांगन सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गई। उनकी अंतिम यात्रा में ग्रामीणजन, सामाजिकगण व व्यापारीगण उपस्थित होकर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।

### फगनीबाई साहू



**नगरी।** ग्राम मुकुंदपुर (सोनामगर) निवासी श्रीमती फगनीबाई साहू पति कोमलसिंह साहू का सोमवार की शाम 4 बजे निधन हो गया। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है। स्व. फगनीबाई साहू अपने पीछे पुत्र झड़ीराम साहू, पीलेश्वर साहू, रामचरण साहू, दादूराम साहू सहित संपूर्ण परिवार छोड़ गई हैं। उनकी अंतिम यात्रा आज मंगलवार को निकाली जाएगी।

### भाजपा शासन में बढ़ रही किसानों की समस्याएं : तारिणी

# धान खरीदी केंद्र का कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

कुरुद विकासखंड के जुगदेही धान खरीदी केंद्र में किसानों की बढ़ती समस्याओं को देखते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने धान खरीदी व्यवस्था का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों की परेशानियों को प्रत्यक्ष रूप से देखकर उन्होंने सरकार और संबंधित अधिकारियों से सवाल किए। साथ ही सरकार पर गलत नीतियों के साथ धान खरीदी करने का आरोप लगाया।

सोमवार को जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती चंद्राकर ने कुरूद ब्लाक के जुगदेही धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण किया। तर्रागोंदी, सौराबांधा, सिलौटी, टिपानी, खपरी, सेमरा, जोरातराई से पहुंचे किसानों की समस्या सुनी। बताया कि सर्वर स्लो होने के कारण किसानों का समय में टोकन नहीं कट रहा है। समिति प्रबंधक द्वारा ऑफलाइन टोकन में पारदर्शिता के साथ काम न करके अपने निजी संबंधितों का टोकन काटा जा रहा है। इससे क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश है। उन्होंने मौके पर उपस्थित एसडीएम कुरुद नभसिंह कोषले से खरीदी केंद्र से धान उठाव में तेजी लाने की बात कही जिस पर उठाव में तेजी लाने एवं खरीदे जाने वाले धान को रखने वैकल्पिक व्यवस्था बनाने साथ ही धान खरीदी की लिमिट को 1500 क्विंटल से बढ़ाकर 3000 क्विंटल करने की जानकारी दी।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य नीलम चंद्राकर, प्राधिकृत अधिकारी भोलाराम साहू, रेमन साहू, द्वारिका साहू, राजेश साहू, पिंटू राव सरपंच सिलौटी, शत्रुघ्न साहू, हीरासिंह साहू, शिवप्रसाद पटेल, सुमन साहू, परख साहू, अग्रहित ठाकुर, श्यामसुंदर साहू, विजय साहू, यशवंत साहू सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

**रोजाना परेशान हो रहे किसान**

तारिणी चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार बनने के बाद किसानों की समस्याओं में निरंतर वृद्धि हुई है। किसानों को उनकी उपज के उचित मूल्य, समय पर खरीदी और सुचारू प्रबंधन का लाभ नहीं मिल पा रहा है। विष्णुदेव सरकार के आदेशानुसार 15 नवंबर से धान खरीदी प्रारंभ होनी थी, लेकिन सरकार की गलत नीतियों के कारण बहुत सारे खरीदी केन्द्रों में समय पर खरीदी प्रारंभ नही हो पाई। केंद्रों में पर्याप्त व्यवस्था नहीं है जिससे किसान रोजाना परेशान हो रहे हैं।

# नपं में बहने लगी विकास की बयार

■ 78 लाख 65 हजार के छह विकास कार्यों की मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत नगरी में अब विकास की धारा अविरल रूप से बहने लगेगी। इसकी शुरुआत 78 लाख 65 हजार के 6 महत्वपूर्ण विकास कार्यों की स्वीकृति के साथ हो चुकी है। ज्ञात हो कि पूर्व में अनेक विकास कार्य नपं नगरी के अंतर्गत स्वीकृत भी हुए हैं और पूर्ण भी हो गए। नपं अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा को नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का आशीर्वाद प्राप्त हुआ और 6 निर्माण कार्यों की स्वीकृति के साथ एक नई बयार बहने लगी। अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने बताया कि पूर्व मंत्री अजय चंद्राकर की विकासपरक सोच को जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस, पूर्व विधायक द्वय पिंकी शाह व श्रवण मरकाम का सहयोग मिला। नगर निगम महापौर रामू रोहरा का महत्वपूर्ण मार्गदर्शन मिला।


अरुण साव


बलजीत छाबड़ा


विकास बोहरा

अध्यक्ष श्री छाबड़ा व उपाध्यक्ष विकास बोहरा ने बताया कि आने वाले दिनों में विकास की एक बड़ी सौगात नगरी नगर पंचायत को और मिलने वाली है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव द्वारा 78 लाख 65 हजार के 6 विकास कार्यों की स्वीकृति मिली है। मातातालाब सौंदर्यीकरण वार्ड 15 में 39 लाख 25 हजार, वार्ड क्र. 1, 5, 7, 8, 13 व 14 में बोर खनन हेतु 7 लाख 30 हजार, वार्ड क्र. 1 में पम्प हॉउस व शौचालय निर्माण हेतु 1 लाख 86 हजार, वार्ड क्र. 4 में पम्प हॉउस व शौचालय निर्माण हेतु 2 लाख 27 हजार, वार्ड क्र. 8 में मण्डी के सामने सीसी रोड हेतु 14 लाख 45 हजार व वार्ड क्र. 14 में डामरीकरण हेतु 13 लाख 52 हजार रुपये की स्वीकृत प्राप्त हुई है।

नपं नगरी को लाखों की सौगात मिलने पर नगर पंचायत के सभापति एवं पार्षदगणों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया है।

# सेजेस आमदी के दो खिलाड़ियों का राष्ट्रीय स्पर्धा में चयन

■ राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ⏭आमदी(धमतरी)

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यमिक विद्यालय आमदी के दो विद्यार्थियों का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता टेनिस में हुआ है। इन खिलाड़ियों ने राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर अपने विद्यालय, क्षेत्र एवं जिले का नाम रोशन किया है।

व्यायाम शिक्षक तामेश्वर प्रसाद साहू के मार्गदर्शन में बालक वर्ग में





संजीव पिता संतोष पटेल का चयन राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। स्पर्धा 11 से 14 दिसंबर 2025 तक देवास मध्यप्रदेश में आयोजित की जाएगी। वहीं 17 वर्ष आयु वर्ग बालिका वर्ग में गीतांजलि पिता सुखदेव ढीमर का चयन हुआ है। वह 2 से 6 दिसंबर तक अजमेर राजस्थान में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी।

इस उपलब्धि पर प्राचार्य नवीन खरे, शाला विकास समिति की अध्यक्ष श्रीमती ज्योति साहू, नगर उपाध्यक्ष कोमल यादव, राज्यपाल पुरस्कृत शिक्षक आरके देवांगन सहित विद्यालय स्टाफ सीएच सेन, पी. साहू, सीमा रानी भेषले, टीपी पांडे, गीतांजलि धुर्वे, श्वेता गजेंद्र, एस. नाग, एस. सोनवानी, जे. ठाकुर, यूएस साहू, डीआर. साहू, वीके.साहू, ओ. पटेल, वाय. देवांगन, जीआर साहू, गीता साहू, प्यारेलाल साहू ने हर्ष जताया है।

# भाठागांव स्कूल को मिला नया प्राचार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला तिलकनगर रायपुर से पदोन्नत होकर एलआर निषाद ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भाठागांव (कुरूद) में प्राचार्य का पदभार विधिवत ग्रहण किया।

श्री निषाद लंबे समय से गायत्री परिवार, सामाजिक समरसता गतिविधियों तथा योग शिक्षा के क्षेत्र में जिला और राज्य स्तर पर प्रशिक्षक के रूप में अपनी विशिष्ट पहचान रखते हैं। प्राचार्य पदोन्नति के अंतर्गत उन्होंने भाठागांव संस्था में अपना कार्यभार संभालते ही विद्यालय परिवार से परिचय प्राप्त किया और शैक्षणिक उन्नयन के लिए सकारात्मक पहल करने की बात कही।

**एलआर निषाद का स्टाफ ने स्कूली बैंड और पुष्पगुच्छ से आत्मीय स्वागत किया**



पदभार ग्रहण अवसर पर संस्था की प्रभारी प्राचार्य आशालता साहू, व्याख्याता संगीता मोहबे, ओपी कुर्रे, जानकी बर्मन, ममतारानी वारदे, नीलम साहू, ख्याति नन्होरिया, मोनिका देवांगन, मधु चंद्राकर, कल्याणी, हरीश देवांगन, मोनिका ताम्रकार, भूषण सिन्हा, मेनका निषाद, शीला कोसरे, तारकेश्वर साहू, लखन कंवर, यशवंत साहू, तीजन साहू सहित समस्त स्टाफ ने स्कूली बैंड और पुष्पगुच्छ से उनका आत्मीय स्वागत किया।

# कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन की प्रांतव्यापी हड़ताल 29 से

■ ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन में सभी विभागों के कर्मचारी-अधिकारी सम्मिलित होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी



छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने सरकार द्वारा कर्मचारियों की मांगों के प्रति उपेक्षापूर्ण रवैए अपनाए जाने के विरुद्ध तीसरे चरण के कलम बंद, काम बंद आंदोलन के तहत तीन दिवसीय हड़ताल करने का निर्णय लिया है। प्रांतव्यापी आंदोलन के परिप्रेक्ष्य में 6 दिसम्बर को ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रांतीय आह्वान पर तृतीय चरण 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रांतव्यापी हड़ताल करने का सर्वसम्मति से लिए फैसले का समर्थन करते हुए ब्लॉक स्तरीय प्रदर्शन में समस्त विभागों के कर्मचारी अधिकारी सम्मिलित होंगे।

बैठक में फेडरेशन द्वारा 11 सूत्रीय मांगों को तत्काल लागू करने की बात पर जोर दिया गया। ब्लॉक संयोजक डोमारसिंह ध्रुव ने बताया है कि प्रमुख मांगों में केंद्र के समान कर्मचारियों एवं पेंशनरों को देय तिथि से डीए प्रदान किया जाए। डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। सभी कर्मचारियों को चार स्तरीय वेतनमान शीघ्र लागू किया जाए। पेंशन विसंगतियों को दूर करने हेतु पिंगुआ समिति की रिपोर्ट सार्वजनिक हो, प्रथम नियुक्ति से सेवा गणना करते हुए पूर्ण सेवा लाभ, पंचायत सचिवों का शासकीयकरण, सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को तृतीय वेतनमान तथा नगरीय निकायों में नियमित मासिक वेतन, अनुकंपा नियुक्ति प्रकरणों में 10 प्रतिशत सीमा शिथिलीकरण, प्रदेश में कैशलैस इलाज सुविधा लागू हो, अर्जित अवकाश का नगदीकरण 300 दिवस किया जाए।

बैठक में फेडरेशन के सहसंयोजक अशोक साहू, सुरेंद्र साहू, महासचिव गिरीश जायसवाल, सचिव डीपी ताम्रकार, सहसचिव सुरेंद्र लोन्हारे, आसत समरथ, लाकेश साहू, अर्जुन नेताम, धर्मेंद्र साहू सहित अनेक कर्मचारी-अधिकारी उपस्थित थे।

# क्विज प्रतियोगिता में टीम डी ने मारी बाजी



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मगरलोड में गणित, विज्ञान क्लब द्वारा गणित, विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों की पांच टीम बनाई गई जिसमें टीम डी ने उमा देवी के नेतृत्व में पूर्वी, केश कुमार व रीना के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। विद्याभूषण के नेतृत्व में टीम ई ने हेमवर्षा, खेमिन व वेदिका के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इसमें गणित और विज्ञान के प्रश्नों को रोचक तरीके से प्रश्नोत्तरी के माध्यम से छात्रों को विभिन्न अलग-अलग राउंड में पूछा गया। प्रतियोगिता का संचालन शाला की विज्ञान शिक्षिका विनीता ध्रुवे, दामिनी ध्रुव और गणित शिक्षक जियाउद्दीन मुगल ने किया। प्राचार्य पनेश सेन ने कार्यक्रम की प्रशंसा की। निर्णायक शेख रसीउद्दीन कुरैशी और मार्गदर्शक के रूप में शिक्षिकाएं रूपेश्वरी साहू, एकता घिवरिया, रूपा साहू उपस्थित रहीं।

# हैदराबाद से प्रशिक्षण लेने के बाद गांव पहुंचे दो जुड़वा भाइयों का हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭जीजामगांव

अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला रायपुर के तत्वावधान में संचालित निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर से प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले जुड़वा भाई झम्मन एवं झामेश्वर तारक का अग्निवीर थल सेना में चयन हुआ।

आर्टी सेंटर हैदराबाद से प्रशिक्षण लेने के बाद दोनों भाई 6 दिसंबर को रायपुर पहुंचे। रायपुर रेलवे स्टेशन में हवलदार राकेश कुमार सोनी द्वारा उनका स्वागत किया गया। कोलर चौक से डीजे के माध्यम से गृह ग्राम सारखी पहुंचे। गांव में जगह-जगह महिलाओं ने आरती उतारकर स्वागत किया। पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का माहौल बना रहा। निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण केंद्र अभनपुर के प्रशिक्षक नायक योगेश कुमार साहू, नायक कमलनारायण मिश्रा, हवलदार ओमप्रकाश साहू, हवलदार एजुकेशन थलेंद्र साहू, धीवर समाज परगना अभनपुर अध्यक्ष वेदव्यास तारक, विभिन्न समाज के प्रतिनिधि समेत अन्य उपस्थित थे।

# गैलेक्सी स्कूल के बच्चों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

गैलेक्सी सीनियर सेकेंडरी स्कूल मगरलोड के कक्षा 12वीं विज्ञान के विद्यार्थियों ने ग्रेसियस कॉलेज अभनपुर का एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। वरिष्ठ प्राध्यापकों ने विद्यार्थियों को पहले एक घंटा थ्योरिकल कार्यक्रम अटेंड करवाया जिसमें इंजीनियरिंग, नर्सिंग एवं फार्मेसी के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों को विषय विशेषज्ञ प्राध्यापकों द्वारा प्रैक्टिकल लैब का भ्रमण कराकर बच्चों के मन में उठ रही जिज्ञासाओं को शांत किया गया। विद्यार्थियों को फार्मेसी डिपार्टमेंट में किस प्रकार दवाई का निर्माण किया जाता है एवं नर्सिंग में नर्स का क्या-क्या दायित्व होता है व इंजीनियरिंग किस-किस क्षेत्र में क्या-क्या कार्य करते हैं, इसकी जानकारी दी गई। शैक्षणिक कार्यक्रम की सफलता पर पालक समिति के अध्यक्ष घनश्याम बिंझेकर, प्राचार्य आरके निषाद एवं स्टाफ ने हर्ष व्यक्त किया।

# शाला त्यागी व कमजोर विद्यार्थियों को मिलेगी नई दिशा

■ चित्रोत्पला जनकल्याण सेवा संगठन ने शुरू की प्रेरक कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭मगरलोड

चित्रोत्पला जनकल्याण सेवा संगठन ने ग्रामीण क्षेत्रों के शाला त्यागी, अप्रवेशी तथा कक्षा स्तर से कमजोर विद्यार्थियों के लिए नई पहल "प्रेरक कक्षा" की शुरुआत ग्राम मोहरेंगा से की है। संगठन ने ऐसे बच्चों की सूची तैयार की है जो शैक्षणिक गतिविधियों से दूर हैं या विद्यालय में दर्ज होने के बावजूद कक्षा स्तर के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पा रहे। इन्हें शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से



अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जा रही हैं। शुभारंभ दिव्यांग बच्चों द्वारा ग्राम के मुख्य चौक में संगीतमय प्रस्तुति से हुआ, जिसने पालकों, विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को प्रभावित किया।

निषाद भवन में संचालित इन कक्षाओं में प्रेरक शिक्षक बच्चों को पठन, लेखन, अभिव्यक्ति कौशल तथा गणितीय संक्रियाओं की आधारभूत जानकारी प्रदान कर रहे हैं। सरपंच ने इस पहल को शिक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम बताते हुए संगठन का आभार व्यक्त किया। शिक्षक देवदास ने भी संयुक्त प्रयासों से शिक्षा को मजबूत करने की बात कही। संगठन के संचालक भूषणलाल जगनायक ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार बच्चों की रुचि के आधार पर समझ आधारित शिक्षा आवश्यक है, न कि केवल रटंत प्रणाली। ज्ञात हो कि चित्रोत्पला जन कल्याण सेवा संगठन छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं संस्कृति के क्षेत्र में निशुल्क सेवाएं प्रदान कर रहा है।

मौके पर शिक्षा समिति अध्यक्ष मेघनाथ, शिक्षकगण जितेंद्र पटेल, चंद्रशेखर साहू, डीके साहू, कोमल निर्मलकर, नीलकंठ भूपेन गणपत, श्रवण कुमार सहित विद्यार्थी उपस्थित रहे।



## अंचल की खबरें

### सिर्री में शिवमहापुराण का समापन आज



**सिर्री।** ग्राम सिर्री में संगीतमय श्री शिव महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा सप्ताह का आयोजन 3 दिसंबर से जारी है। समापन आज 9 दिसंबर मंगलवार को होगा। गांव के बाजार चौक में आयोजित शिव महापुराण के अंतिम दिवस रुद्राभिषेक, हवन पूर्णाहुति और महाआरती की जायेगी। प्रवचनकर्ता सुश्री गंगा देवी द्वारा कथा प्रवचन में द्वादश ज्योतिर्लिंग का वर्णन किया जाएगा। सोमवार को उन्होंने कार्तिक गणेश की उत्पत्ति सहित गजासुर की कथा बताई। कथा सुनने काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

### बारना में श्रीमद् भागवत कथा सुनने उमड़ रहे श्रद्धालु





**धमतरी।** बारना में स्व. श्रीमती घसनीन दाई की स्मृति में 1 दिसंबर से भागवत कथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक विष्णुप्रसाद दुबे नवीन जोरातराई ने बताया कि भागवत कथा करवाने से 21 पूर्वजों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। परायणकर्ता भानुप्रताप तिवारी बागबाहरा हैं। उन्होंने कपिल जन्म, गजेंद्र मोक्ष, वामन अवतार, कृष्ण जन्म, रुक्मणि विवाह की कथा सुनाई। आगे सुदामा चरित्र, परमधाम कथा, तुलसी वर्षा, गीता संदेश आदि प्रसंग होंगे। कथा सुनने संतोष, श्रीमती रंभा साहू, अशोक, श्रीमती भानुप्रिया समेत अनेक श्रद्धालु मौजूद थे।

### छिपली के चंद्रभान बने आबकारी उपनिरीक्षक



नगरी। ग्राम छिपली निवासी चंद्रभान साहू ने छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (पीएससी) की परीक्षा में 111वीं रैंक प्राप्त कर आबकारी उपनिरीक्षक पद पर अपना स्थान सुनिश्चित किया है। उनकी इस सफलता से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। जनपद उपाध्यक्ष हृदय साहू, पूर्व सरपंच संत नेताम, त्रिभुवन बिसेन, साहू समाज के परिक्षेत्रीय अध्यक्ष टिकेश साहू, शिक्षक ओमप्रकाश देव, क्रिकेट क्लब अध्यक्ष अरुण पटेल एवं धर्मेन्द्र सेन उसके घर पहुंचे और इस उपलब्धि पर हर्ष जताया। चंद्रभान ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता हरिश्चन्द्र साहू और साहू समाज महिला प्रकोष्ठ की सचिव ईश्वरी साहू, पत्नी पूजा साहू तथा बहन साधना साहू को दिया।

### जनप्रतिनिधियों ने सुनी किसानों की समस्याएं



**नगरी।** धान खरीदी केंद्र बेलरबाहरा में पूर्व जिला युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष मोहन जालेश तथा ग्राम पंचायत ठेनही के उपसरपंच रूपेश नाग पहुंचे। इस अवसर पर किसान विक्रम ध्रुव, लक्ष्मण, सोहन सिंह नेताम, छतर सिंह यादव एवं प्रकाश भंडारी भी मौजूद रहे। जनप्रतिनिधियों ने केंद्र में चल रही खरीदी प्रक्रिया का निरीक्षण करते हुए किसानों से जानकारी ली तथा उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को गंभीरता से सुना। किसानों ने खरीदी व्यवस्था को सुचारू रखने तथा सुविधाओं में सुधार की मांग रखी। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि किसानों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो, इसके लिए संबंधित विभागों को अवगत कराया जाएगा। केंद्र में किसानों की सक्रिय भागीदारी और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति से खरीदी व्यवस्था को गति मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

### पचपेड़ी में निकली उल्लास साक्षरता रैली



**कोर्रा-भखारा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचपेड़ी के स्वयंसेवकों ने उल्लास साक्षरता रैली निकालकर लोगों को साक्षरता के प्रति प्रेरित किया। नवसाक्षरों के लिए आयोजित उल्लास साक्षरता परीक्षा के पूर्व ग्राम पचपेड़ी में रैली निकालकर लोगों को परीक्षा में शामिल होने के लिए प्रेरित किया गया। पचपेड़ी में 45 नवसाक्षरों का उल्लास साक्षरता के माध्यम से परीक्षा में शामिल होने के लिए पंजीयन किया गया था। प्राचार्य विनोद कुमार ठाकुर ने बताया कि कुरूद ब्लाक में माध्यमिक शाला पचपेड़ी को उल्लास परीक्षा का मॉडल केंद्र बनाया गया है जिसमें ग्राम पचपेड़ी के 45 परीक्षार्थी शामिल होने वाले हैं। रैली के माध्यम से गांव में भ्रमण कर सभी नवसाक्षरों को अनिवार्य रूप से परीक्षा में शामिल होने के लिए आग्रह किया गया। साक्षर भारत, सशक्त भारत मिशन नवभारत के निर्माण में उल्लेखनीय पहल है। उल्लास साक्षरता योजना शासन की एक महती योजना है जिसका उद्देश्य ग्रामीण जनों में निराक्षर लोगों को साक्षर बनाना है। उल्लास साक्षरता रैली में पचपेड़ी के समस्त छात्र एवं शिक्षक शामिल रहे।

### उत्कृष्ट कार्य के लिए सोहन सम्मानित



**धमतरी।** छत्तीसगढ़ कलार समाज धमतरी मंडल द्वारा सामाजिक छात्रावास भवन रत्नाबांधा धमतरी में आयोजित युवक परिचय एवं पारिवारिक मिलन सम्मेलन में ग्राम करेठा निवासी सोहन सिन्हा को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्रांताध्यक्ष युवराज सिन्हा, कलार समाज धमतरी जिला अध्यक्ष चंद्रहास सिन्हा, धमतरी मंडलेश्वर संतोष सिन्हा, मगरलोड मंडलेश्वर नरेश सिन्हा, भखारा मंडल कोषाध्यक्ष मोहन सिन्हा समेत अन्य उपस्थित थे।

आदिवासी समाज सभ्यता की जननी, हमारी संस्कृति अनूठी : लता उसेंडी

# राजाराव पठार में ऐतिहासिक वीर मेला का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी





राजाराव पठार करेंझर में आयोजित ऐतिहासिक वीर मेला का शुभारंभ सोमवार को देवी-देवताओं के पारंपरिक आगमन के साथ अत्यंत श्रद्धा और उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। कंकालिन माई और राजाराव बाबा की अगुवाई में डांग, डोली, देव, सिरहा तथा पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ निकली शोभायात्रा मेला परिसर पहुंची, जिसके बाद सेवा–अर्जी अनुष्ठान के साथ मेला का औपचारिक आरंभ किया गया। पूरे दिन मेला स्थल सांस्कृतिक धुनों, पारंपरिक अनुष्ठानों और बड़ी संख्या में उपस्थित जनसमुदाय से गूंजता रहा।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कोंडागांव की विधायक लता उसेंडी तथा गोंड महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अकबर राम कोर्राम शामिल हुए। इसके साथ ही पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सर्व आदिवासी समाज के प्रदेश अध्यक्ष अरविंद नेताम, सोनमणी पोयाम, सुमेर नाग, जिलाध्यक्ष जीवराखन मरई, तुकाराम कोर्राम, कन्हैया उसेंडी, बीएस रावटे सहित समाज के अनेक वरिष्ठ पदाधिकारी उपस्थित रहे।

मेला में युवा प्रभाग के प्रदेश अध्यक्ष सुभाष परते के आतिथ्य में युवा सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें युवाओं ने समाज, संस्कृति और वर्तमान चुनौतियों पर अपने विचार रखे। मुख्य अतिथि लता उसेंडी ने आदिवासी समाज को सभ्यता की जननी बताते हुए कहा कि हमारी संस्कृति अनूठी है। नई पीढ़ी के लिए यह मेला सीखने का महत्वपूर्ण स्थल है। उन्होंने वीर सिंह जी की शहादत को देश की स्वतंत्रता और संस्कृति संरक्षण का प्रेरक उदाहरण बताया।

अकबर राम कोर्राम ने सामाजिक एकता और सांस्कृतिक संरक्षण पर जोर दिया, वहीं सुभाष परते ने युवाओं से अपनी सांस्कृतिक जड़ों से जुड़े रहने की अपील की।

इस अवसर पर आयोजन समिति के अध्यक्ष यूआर.गंगराले, पूर्व विधायक ब्रम्हानंद नेताम, विनोद नागवंशी, प्रवीण ध्रुवे, प्रेमलाल कुंजाम, खिलेंद्र पडोटी, ललित कावरे, रामेश्वर मरकाम, बंटी मरकाम, दिग्विजय सिंह ध्रुव, मंजू प्रभाकर, बसंतीबाला भेड़िया सहित हजारों की संख्या में आदिवासी एवं अन्य समाज के लोग उपस्थित रहे।

## महापौर ने मौके पर ही किया समस्याओं का समाधान



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर निगम कार्यालय के बाहर जनदर्शन में नगर के सभी वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित हुए। आमजन ने अपने-अपने वार्ड से जुड़ी सड़क, नाली, पेयजल, साफ-सफाई, स्ट्रीट लाइट, आवास, पेंशन व अन्य मूलभूत समस्याओं को महापौर रामू रोहरा के समक्ष रखा।

महापौर ने नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रत्येक शिकायत के समाधान की स्पष्ट जानकारी मौके पर ही दी। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिन समस्याओं का निराकरण तत्काल संभव है, उन्हें तुरंत हल किया जाए, जबकि दीर्घकालिक एवं तकनीकी मामलों को प्राथमिकता सूची में शामिल कर निश्चित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

महापौर ने कहा कि नगर के सभी वार्ड मेरे लिए समान हैं। हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं समय पर उपलब्ध कराना नगर निगम की जिम्मेदारी है। उन्होंने अधिकारियों को चेताया कि जनहित से जुड़े कार्यों में लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

जनदर्शन के माध्यम से जनता और प्रशासन के बीच सीधा संवाद स्थापित हुआ, जिससे कई वर्षों से लंबित समस्याओं के समाधान की दिशा तय हुई। इस अवसर पर नगर निगम के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा के लिए शंकरदाह के छात्र का चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राज्यस्तरीय शालेय एथलेटिक्स स्पर्धा जगदलपुर में हुई जिसमें शाउमावि शंकरदाह के कक्षा 11 वी के छात्र देवेंद्र सिन्हा ने 5000 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान प्राप्त कर सिल्वर मेडल जीता था। उत्कृष्ट प्रदर्शन व रजत पदक जीतने पर उनका चयन राष्ट्रीय एथलेटिक्स स्पर्धा (5000 मीटर दौड़) के लिए हुआ है। खेल शिक्षक प्रदीप सिन्हा ने बताया कि राष्ट्रीय शालेय एथलेटिक्स स्पर्धा 13 से 17 दिसम्बर तक लखनऊ उत्तरप्रदेश में आयोजित है जहां वह जिला धमतरी व छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करेगा। राज्य स्तरीय कोचिंग कैंप बिलासपुर में 9 से 11 दिसम्बर तक लगेगा। इसके लिए छात्र 9 दिसम्बर को रवाना होगा। छात्र की इस उपलब्धि पर मोनिका देवांगन जिला पंचायत सदस्य, अभय जायसवाल जिला शिक्षाधिकारी, लीलाधर चौधरी विकास खंड शिक्षाधिकारी, यदुनन्दन सिंह वर्मा प्राचार्य, सत्यप्रभा किशोर साहू जनपद सदस्य, रमी गौतम सरपंच समेत अनेक लोगों ने हर्ष जताया है।

## खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और किसान हितैषी हो : अबिनाश

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने आमदी धान उपार्जन केंद्र का निरीक्षण कर खरीदी व्यवस्था का जायज़ा लिया। उन्होंने केंद्र में बारदाना उपलब्धता, डेनेज व्यवस्था, परिवहन, टोकन प्रणाली, इंटरनेट कनेक्टिविटी, बायोमेट्रिक स्टैकिंग और ऑपरेटर उपलब्धता जैसी व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की। कलेक्टर ने किसानों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि खरीदी प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी और किसान हितैषी रहे।

कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप ही धान की तौल और गुणवत्ता परीक्षण किया जाए। उन्होंने आर्द्रतामापी यंत्र से नमी जांच में किसी प्रकार की अनियमितता न होने देने पर जोर दिया। साथ ही किसानों के लिए पेयजल, छाया और बैठने की व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 के लिए धान खरीदी 15 नवंबर से सुचारू रूप से जारी है। इससे पहले प्रभारी सचिव सुश्री शम्मी आबिदी तथा संभागायुक्त महादेव कांवरे भी कई केंद्रों का निरीक्षण कर चुके हैं। नोडल अधिकारी लगातार निगरानी कर रहे हैं और किसानों की किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

इस वर्ष प्रशासन ने उपार्जन केंद्रों में अतिरिक्त संसाधन, ऑन-स्पॉट टोकन, पेयजल, छाया-पंडाल, मिलिंग एवं परिवहन व्यवस्था को और सुदृढ़ किया है। किसानों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए जिले की सभी 11 बैंक शाखा क्षेत्रों के माध्यम से भुगतान प्रक्रिया तेज की गई है। अवैध खरीदी, परिवहन और कोचियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है, जिसके तहत उड़नदस्ता टीम और चेक पोस्ट सक्रिय हैं। किसानों ने बताया कि इस वर्ष खरीदी व्यवस्था अधिक पारदर्शी, सुचारू और तेज रही, जिससे उन्हें उचित मूल्य समय पर मिल रहा है।

## कच्ची शराब बनाने पर 50 हजार बिक्री पर 60 हजार का जुर्माना



- कोलियारी ग्रामसभा ने लिया नशामुक्ति का संकल्प, कई निर्णय पारित

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ग्राम पंचायत कोलियारी में 1 जनवरी को आयोजित विशेष ग्रामसभा में गांव को पूरी तरह नशामुक्त बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। ग्राम में नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों को देखते हुए ग्रामवासियों ने कठोर और प्रभावी दंडात्मक नियम लागू करने पर सहमति जताई। ग्राम में कच्ची शराब बनाते पाए जाने पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। शराब बेचते हुए पकड़े जाने पर 60,000 रुपये की कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। सार्वजनिक अथवा सामाजिक स्थानों में शराब पीते पाए गए ग्रामीण पर 30,000 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। नशे से संबंधित गतिविधियों की सूचना देने वाले ग्रामीण को 25,000 रुपये का प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। सरपंच मोनिका मंडावी, पूर्व सरपंच तुलसीराम मंडावी तथा उपसरपंच लोकेश कोर्राम ने बताया कि ग्रामसभा में लिए गए इस सामूहिक निर्णय को कोलियारी को नशामुक्त और अनुशासित ग्राम के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक मजबूत और मिसाल बनने वाला कदम है।

ग्रामसभा में अध्यक्ष रामलाल तुमरेटी, उपाध्यक्ष भावसिंह कोर्राम, ग्राम पटेल जलसूराम कुंजाम, सोमरसिंह नेताम, चिंताराम नेताम, धनाजी कुंजाम, राधेलाल तुमरेटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## संयुक्त शिक्षक संघ मेडिकल रिलीफ की वार्षिक पत्रिका का विमोचन



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

संयुक्त शिक्षक संघ जिला धमतरी के कुरूद विकासखण्ड द्वारा प्रकाशित मेडिकल रिलीफ वार्षिक पत्रिका का विमोचन कलेक्टर अवबिनाश मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित महोबे एवं मेडिकल रिलीफ फंड के अध्यक्ष हुमन चंद्राकर ने बताया कि मेडिकल रिलीफ फंड की शुरुआत वर्ष 2016 में कुरूद विकास खण्ड से की गई थी। इस फंड का उद्देश्य गंभीर बीमारी से पीड़ित शिक्षकों को आर्थिक सहायता प्रदान करना तथा दिवंगत शिक्षकों के परिवारों को सहयोग उपलब्ध कराना है। प्रारंभ में इस फंड से जुड़े शिक्षकों की संख्या 350 थी, जो अब बढ़कर 450 हो गई है। कार्यक्रम में प्रांतीय महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष श्रीमती ममता खालसा, प्रांतीय सचिव हरीश सिन्हा, जिला अध्यक्ष अमित महोबे, जिला सचिव शेषनारायण गजेंद्र, जिला कोषाध्यक्ष देवेश साहू, मीडिया प्रभारी दीपक सहारे, आलोक मत्स्यपाल, देवनाथ साहू, सुनीता यादव, रंजना साहू, ब्लॉक उपाध्यक्ष गौरी गुप्ता, ब्लॉक अध्यक्ष वरुण साहू, ब्लॉक अध्यक्ष हितेश साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## कार्यवाही शून्य नहीं होने पर पुनः धान खरीदी बाधित होने की संभावना : महासंघ

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ सहकारी समिति कर्मचारी महासंघ रायपुर एवं छत्तीसगढ़ धान खरीदी ऑपरेटर महासंघ रायपुर की संयुक्त बैठक 7 दिसंबर को रायपुर तुता में आयोजित हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अनिश्चितकालीन आंदोलन के दौरान कर्मचारियों पर की गई निलंबन, बर्खास्तगी, एफआईआर एवं अन्य सभी कार्यवाहियों को यदि समितियों द्वारा शीघ्र शून्य कर सांवेतनिक बहाली नहीं की जाती है, तो प्रदेश में पुनः धान खरीदी बाधित होने की प्रबल संभावना है।

महासंघ ने बताया कि आंदोलन 3 नवंबर 2025 से शुरू होकर 19 दिनों तक चला था, जिसे शासन से सकारात्मक आश्वासन मिलने व किसानों के हित को देखते हुए स्थगित किया गया था। इसके बावजूद प्रदेश के लगभग 73 कर्मचारियों पर विभिन्न प्रकार की कार्रवाई की गई, जबकि शासन की ओर से किसी भी प्रकार का लिखित आदेश जारी नहीं हुआ था। कई जिलों दुर्ग, खैरागढ़, राजनांदगांव, गरियाबंद, कोंडागांव, बालोद, बेमेतरा, बलौदाबाजार, कोरिया में समितियों ने कर्मचारियों को बहाल कर दिया है, परंतु कुछ जिलों में अब भी कार्यवाही लंबित है।

बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रभावित कर्मचारी 8 दिसंबर को अपने-अपने प्राधिकृत अधिकारियों को कार्यवाही निरस्त करने हेतु आवेदन देंगे। वहीं प्रदेश संगठन जिला कलेक्टरों एवं शासन-प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर समस्त कार्यवाहियों को शून्य कर सांवेतनिक बहाली का पुनः आग्रह करेगा। मांगें पूरी नहीं होने पर संगठन ने पुनः आंदोलन की चेतावनी दी। बैठक में अनेक जिलों के पदाधिकारी एवं प्रभावित कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

स्थापित संयंत्रों का उन्नयन कर किया जायेगा संचालन

# नपा में कचरा प्रबंधन के लिए 96 लाख स्वीकृत



**कुरुद नगर का तेज गति से हो रहा विकास**

हमारी नई परिषद की लगातार सक्रियता से कुरूद पिछले 9 महीनों से तेज गति से आगे बढ़ रहा है। चारों दिशा में युद्ध गति से विकास कार्य हो रहे हैं। बहुत जल्द सबके सहयोग से कुरूद नगर की तस्वीर सुंदरता में सम्मिलित होने वाली है।

- **ज्योति चंद्राकर**, नगरपालिका अध्यक्ष कुरुद

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

मोदी की गारंटी, विष्णु के सुशासन और अजय के विकास रथ को आगे बढ़ाने के लिए कुरूद नगरपालिका को कचरा प्रबंधन के लिए मशीनें लगाने एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार करने के लिए केन्द्र सरकार ने 96 लाख रुपये की प्रशासकीय स्वीकृत प्रदान की है। इससे नगर के सूखे एवं गीले कचरे के प्रसंस्करण संयंत्र स्थापना के साथ स्थापित संयंत्रों का उन्नयन कर संचालन संधारण कार्य किया जा सकेगा।

गौरतलब है कि कुरूद नगर में पिछले कई वर्षों से नगर के प्रमुख जगह कालेज रोड, केनाल रोड और नगर से लगे ग्रामीण सीमाओं में कचरा डंपिंग कर देते थे। इन समस्याओं को हमेशा के लिए दूर करने नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने परिषद में प्रस्ताव करवाकर राइस मिल एरिया नगरपालिका की 4 एकड़ जमीन पर कचरा प्रबंधन के लिए केन्द्र सरकार से मशीनें लगाने एवं मणिकंचन केन्द्र तैयार करने राशि की मांग की थी। 5 दिसम्बर को केन्द्र सरकार ने आदेश जारी कर 96 लाख की राशि से मशीन लगाने एवं अन्य सुविधाओं के विस्तार कार्य के लिए स्वीकृति प्रदान की है।

### नपा अध्यक्ष ने किया प्रस्तावित कचरा प्रबंधन स्थल का निरीक्षण

स्वीकृति मिलने के बाद नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर ने अपने पार्षदों के साथ कचरा प्रबंधन वाली जगह का निरीक्षण किया। मीडिया को जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि यह स्वीकृति कुरूद नगर में स्वच्छता हेतु नया अध्याय लिखेगी। वर्षों से कचरा डंपिंग समस्या से निजात मिलेगी। नगर को स्वच्छ बनाने के लिए भारत सरकार का कुरूदवासी सदैव ऋणी रहेंगे। विधायक अजय चन्द्राकर के मार्गदर्शन में परिषद के सभी सदस्यों की विकासपरक सोच के चलते नये नये क्षेत्रों मे विकास कार्य हो रहे हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विभागीय मंत्री अरूण साव, विधायक अजय चन्द्राकर, सांसद रूपकुमारी चौधरी का आभार माना। निरीक्षण टीम में विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सभापति-पार्षदगण मिथिलेश बैस, महेन्द्र गायकवाड़, राजकुमारी ध्रुव, रवि मानिकपुरी, कविता चन्द्राकर, मूलचंद सिन्हा उपस्थित थे।

### कांग्रेसियों ने भीमराव अम्बेडकर को किया याद

**धमतरी।** कांग्रेस नेताओं ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। नगर के अंबेडकर चौक पहुंचकर नेताओं ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और दो मिनट का मौन रखकर उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। विधायक ओंकार साहू ने कहा कि डॉ. अंबेडकर का भारतीय संविधान के निर्माण में बड़ा योगदान रहा है। वह एक महान समाज सुधारक और विद्वान थे, जिनकी वजह से उन्हें संविधान निर्माता के रूप में जाना जाता है। पूर्व महापौर विजय देवांगन ने कहा कि डॉ अंबेडकर के विचारों को आत्मसात कर उनके सामाजिक शैक्षणिक और आर्थिक विचारों को स्वीकार करना होगा। पूर्व जिला अध्यक्ष मोहन लालवानी ने कहा कि भारतवर्ष को गर्व है कि डॉ भीमराव अंबेडकर द्वारा बनाया गया संविधान पूरे विश्व को ज्ञान देता है।

## खबर संक्षेप

### 10 दिसंबर को स्थानीय अवकाश

**धमतरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने शहीद नारायण सिंह बलिदान दिवस के अवसर पर 10 दिसंबर को स्थानीय अवकाश घोषित किया है। यह अवकाश बैंक एवं कोषालय पर लागू नहीं होगा।

### मेस संचालन में शासन के नियमों की अवहेलना

**अंवरी।** क्षेत्रीय पंचायत एवं ग्रामीण प्रशिक्षण विभाग कुरूद में कई वर्षों से बिना निविदा कोटेशन के मेस संचालन करने की शिकायत आई है।



सामाजिक कार्यकर्ता परमानंद कुर्रे खपरी ने संचालनालय पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित विभागीय मंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि मेस संचालक द्वारा अमानत राशि जमा नहीं करने, संचालन हेतु बिना निवेदक कोटेशन के अपने चहेते को कई वर्षों से लाभ देकर आर्थिक सहयोग दिया जा रहा है जो शासन के नियमों की अवहेलना है। उन्होंने जांच की मांग की है।

### जर्जर भवन से बच्चों को खतरा

**धमतरी।** ग्राम विकास समिति सिरौदखुर्द ने लोक निर्माण विभाग द्वारा निर्मित भवन को जमींदोज करने की मांग कलेक्टर से की है। समिति के अध्यक्ष रामनारायण, उपाध्यक्ष विनोद यादव, सचिव टकेशकुमार ने बताया कि ग्राम पंचायत कांटाकुर्रीडीह के आश्रित गाम सिरौदखुर्द में लोक निर्माण विभाग ने 35 साल पहले शासकीय भवन का निर्माण किया है। इसमें शिक्षा विभाग द्वारा छात्रावास संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में भवन अति जर्जर स्थिति में है। भवन की छत टूटकर गिर गई है। यह भवन प्राथमिक शाला से लगे होने के कारण स्कूली बच्चे खेलने के लिए भवन में चले जाते हैं, जो कभी भी दुर्घटना का शिकार हो सकते हैं। गंभीर समस्या को देखते हुए जर्जर भवन को जमींदोज करने की मांग जिलाधीश से की गई है।

राजस्व टीम ने नगरी-बोराई रोड में की कार्रवाई, कागजात की जांच जारी

# ओडिशा से छत्तीसगढ़ लाया जा रहा दो ट्रक धान पकड़ाया

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

ओडिशा से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे धान से भरे दो ट्रक सोमवार की शाम नगरी-बोराई मार्ग में पकड़े गए। सूचना पर अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रीति दुर्गम के निर्देश पर राजस्व टीम ने तत्परता दिखाते हुए दोनों वाहनों को रोककर जांच की।

कार्रवाई के दौरान ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीडी 9787 में 139.50 क्विंटल (310 कट्टा) तथा ट्रक क्रमांक सीजी 05 एए 3051 में 135.10 क्विंटल (330 कट्टा) धान लोड पाया गया। दोनों वाहनों को नगरी मंडी परिसर के सामने खड़ा कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है। जांच में यह बात सामने आई है कि दोनों ट्रकों के पास कृषि उपज मंडी नगरी से जारी अनुज्ञा पत्र मौजूद है, जिसमें व्यापारी का नाम मोहनलाल सोहनलाल बिरगुड़ी दर्ज है। कागजातों में धान को विजय राइस मिल धमतरी ले जाने का उल्लेख है। फिलहाल यह सत्यापन चल रहा है कि धान वास्तव में किस किसान से खरीदा गया है और क्या खरीद नियमानुसार की गई है।



स्थानीय सूत्रों के अनुसार धान खरीदी शुरू होने के साथ ही ओडिशा से अवैध रूप से धान की तस्करी कर छत्तीसगढ़ में लाने की शिकायतें बढ़ी हैं। सीमा क्षेत्र के कुछ गांवों में ओडिशा का धान डंप कर उसे स्थानीय व्यापारी मंडी से अनुज्ञा कटवाकर बड़े राइस मिलों को भेज देते हैं। इन आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने पर ही हो पाएगी।

मंडी प्रबंधन के नियमों के अनुसार किसी भी व्यापारी को धान खरीदने पर किसान का आधार कार्ड अनिवार्य रूप से लेना होता है। यदि किसान का आधार नहीं मिलता तो धान की खरीदी वैध नहीं मानी जाती। यह भी जांच का प्रमुख बिंदु है कि पकड़े गए धान की खरीदी इन नियमों के अनुरूप हुई है या नहीं।

इस मामले में अनुविभागीय राजस्व अधिकारी प्रीति दुर्गम ने बताया कि ओडिशा से धान लाए जाने की सूचना मिली थी, जिस पर तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों ट्रकों को रोका गया है। व्यापारी द्वारा अनुज्ञा पत्र प्रस्तुत किए गए हैं, जिनकी जांच की जा रही है। वास्तविक स्थिति जांच के बाद स्पष्ट होगी और नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। प्राथमिक जांच में कागजातों के आधार पर धान को नगरी ब्लॉक के बोराई क्षेत्र का बताया गया है।

आरोप — अध्यक्ष एवं सीएमओ परिषद के निर्णय से कर रहे छेड़छाड़

# नपा कुरूद के कांग्रेसी पार्षदगण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी पर जनहित से जुड़े मुद्दों पर अपनी मनमानी करने का आरोप लगा विपक्षी कांग्रेसी पार्षदगण नगर पालिका परिसर कुरुद के बाहर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठ गए हैं। अपनी चार सूत्रीय मांगों पर अड़े हड़ताली पार्षद जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं हो जाती, हड़ताल जारी रहने की बात कह रहे हैं।

धरने पर बैठे नगर पालिका उपाध्यक्ष देवव्रत साहू ने कहा कि अध्यक्ष और सीएमओ जनहित में लिए गए परिषद के निर्णय पर फेबदल कर नगरवासियों की भावनाओं से खिलवाड़ कर रहे हैं जिसे हम होने नहीं देंगे। जब तक हमारी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, धरना प्रदर्शन अनिश्चितकाल तक जारी रहेगा। नेता प्रतिपक्ष डुमेश साहू ने कहा कि कुरुद नगर ने अपने प्रतिनिधि के रूप में अपनी पसंद का जनप्रतिनिधि चुनकर परिषद में भेजा है किन्तु नगर पालिका अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका द्वारा चुने हुए जनप्रतिनिधियों का अपमान किया जा रहा है। परिषद के निर्णय को बदलने वालों के खिलाफ एफआईआर की कार्रवाई होनी चाहिए।

धरना प्रदर्शन को कांग्रेसी नेतागण आशीष शर्मा, प्रहलाद चंद्राकर, शारदा देवी साहू, रविंद्र साहू, पप्पू राजपूत, महिम शुक्ला, राघवेंद्र सोनी, तुकेश आदि ने भी समर्थन दिया।



### कलेक्टर से शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

धरने पर बैठे वरिष्ठ पार्षद रजत चंद्राकर, मनीष साहू, मंजू साहू, उत्तम साहू, राखी चंद्राकर, उर्वशी चंद्राकर, अर्जुन ध्रुव ने बताया कि अध्यक्ष एवं सीएमओ द्वारा नगर हित में लिए गये फैसले पर अपनी मनमाफिक कलम चलाकर निर्णय को बदला जा रहा है जिसकी शिकायत हमने कलेक्टर से भी की, बावजूद अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। लोकतंत्र को बचाये रखने अब हम सड़क की लड़ाई लड़ने मजबूर हैं। जल्द हमारी मांगें पूरी नहीं होती तो आंदोलन को उग्र रूप लेगा जिसके लिए जिम्मेदार जिला प्रशासन होगा।

### इन 4 मुद्दों पर 9 कांग्रेसी पार्षद हड़ताल पर

कांग्रेस के 9 विपक्षी पार्षदगण परिषद के निर्णय के बिना नगर पालिका कार्यालय को अस्थाई रूप से कैनाल रोड स्थित सामुदायिक भवन में स्थानांतरित करने, परिषद के निर्णय के बिना नगर पालिका कार्यालय एवं सामने की दुकानों को तोड़कर व्यावसायिक कांप्लेक्स बनाने, प्रधानमंत्री आवास के गरीब हितग्राहियों की सालों से लंबित बचत किस्त की राशि को तत्काल भुगतान करने एवं दोषी अधिकारी कर्मचारी पर एफआईआर दर्ज करने संबंधी मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं।

# ठंड में अधिवक्ता संघ चुनाव की सरगर्मी तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नाम वापसी के बाद अधिवक्ता संघ चुनाव की सरगर्मी बढ़ गई है। उम्मीदवार युद्धस्तर पर चुनाव प्रचार में भिड़ गए हैं। वे अभी से जोड़-तोड़कर जीत के लिए गणित बिठाने में जुट गए हैं। उनके पास प्रचार के लिए अब सिर्फ एक सप्ताह का वक्त है।

कड़कड़ाती ठंड के बीच अधिवक्ता संघ चुनाव की सरगर्मी चल रही है। कोर्ट में उम्मीदवार हर टेबल में जाकर अपने पक्ष में मतदान के लिए प्रचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि अधिवक्ता संघ धमतरी के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए दानीराम साहू व नीरजधर तिवारी आमने सामने हैं। इसी प्रकार उपाध्यक्ष पद के लिए अजय कुम्भकार व सचिन जाचक, सांस्कृतिक व क्रीड़ा सचिव पद के लिए परमानंद अग्रवाल व पीयूष देवांगन के मध्य सीधा मुकाबला है। कोषाध्यक्ष पद के लिए कामतानाथ सिन्हा, नरोत्तम सिन्हा व संजय शुक्ला, सहसचिव पद के लिए फलेश साहू, तल्लीनपुरी गोस्वामी व योगेश गोलछा के मध्य त्रिकोणीय मुकाबला है। सचिव पद के लिए भीखमलाल सिन्हा, महिला उपाध्यक्ष पद सुश्री जानरी, ग्रंथपाल के लिए चुकेश्वर प्रसाद नागेंद्र, कार्यकारिणी के 7 सदस्य जयप्रकाश झा, विनोद राजपूत, त्रिभुवन प्रसाद ध्रुव, कोमल प्रसाद थवाईत, दिव्यांशु साहू, कपिल नारायण चालकी व दीक्षा दीवान निर्विरोध चुने जा चुके हैं।



### मिलेगी डाक मतपत्र की सुविधा

अधिवक्ता संघ चुनाव में कुल 355 मतदाता मतदान के लिए पात्र हैं। पात्र अधिवक्ता जो मतदान के दिन मतदान स्थल आने में असमर्थ हैं या जिले से बाहर हैं, ऐसे मतदाताओं को डाक मतपत्र की सुविधा दी जा रही है। इसके लिए मतदाता को आवश्यक व संतुष्टिपूर्ण दस्तावेज के साथ चुनाव अधिकारी के समक्ष आवेदन देना होगा। डाकमत पत्र की सुविधा 9 व 10 दिसम्बर को रहेगी। मतदान की तिथि 15 दिसंबर सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक निर्धारित है। 4 बजे से मतगणना की जाएगी। चुनाव परिणाम 15 दिसंबर को अधिकृत रूप से घोषित किया जाएगा।

## फंदे पर लटका मिला युवक

**धमतरी।** एक युवक को कांटातालाब स्थित पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका पाया गया। परिजनों ने संदेह जताते हुए जांच की मांग की है। परिजनों के अनुसार स्थानीय लालबगीचा वार्ड निवासी घनश्याम ढीमर पिता तुलसीराम उम्र 21 वर्ष अपने बड़े भाई व मां के साथ रहता था। युवक किराया भंडार में काम करता था। युवक का शव कांटातालाब स्थित गार्डन के जामुन पेड़ में नाइलोन रस्सी के फंदे पर लटका पाया गया। सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा की कार्रवाई कर शव को वरदान एंबुलेंस संस्था के माध्यम से जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है। परिजनों ने युवक की हत्या किए जाने की आशंका जताते हुए पुलिस से जांच की मांग की है।

# निगम के 157 नियमित और 257 प्लेसमेंट कर्मचारियों को नहीं मिला वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

**आयुक्त के छुट्टी पर जाने से निगम का कार्य प्रभावित**

आयुक्त के छुट्टी पर जाने से नगर निगम का काम प्रभावित हो गया है। कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। यही नहीं छोटे-छोटे निर्माण कार्य और खरीदी भी अवरूद्ध हो गया है। समस्या यह है कि आयुक्त ने छुट्टी में जाने से पहले किसी को प्रभार नहीं सौंपा है।

निगम आयुक्त प्रिया गोयल 20 दिन से ऑफिस से गायब हैं। खबर है कि वे धमतरी से बाहर हैं। बताया गया है कि वे अचानक ही छुट्टी पर चली गई हैं। किसी अन्य अधिकारी को प्रभार नहीं सौंपा है। ऐसे में नगर निगम का पूरा कामकाज अस्त-व्यस्त हो गया है। निगम के 157 नियमित और 257 प्लेसमेंट कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है। आयुक्त के हस्ताक्षर नहीं होने से निगम में आवश्यक चीजों की खरीदी, पार्षद निधि की फाइल प्रभावित हो रही है। इस संबंध में महापौर रामू रोहरा ने कहा कि वर्तमान में एसआईआर का काम चल रहा है। ऐसे में आयुक्त जैसे जिम्मेदार अधिकारी बिना चुनाव आयोग की सहमति के अवकाश पर नहीं जा सकते हैं। बिना चार्ज दिए छुट्टी पर जाने की बात तो दूर वे चुनाव आयोग की बिना सहमति के किसी दूसरे अधिकारी को चार्ज भी नहीं सौंप सकती हैं। सूत्रों के अनुसार आयुक्त प्रिया गोयल स्वास्थ्यगत कारणों के चलते विभागीय सचिव से अनुमति लेकर छुट्टी पर गई हैं।

# कोहिनपारा प्राथमिक शाला के बच्चों ने खुद धोये बर्तन

- भोजन बनाने के बाद रसोइया मीटिंग में चला गया, शिक्षा व्यवस्था पर उठे गंभीर सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

गेदरा के आश्रित गांव कोहिनपारा प्राथमिक शाला से एक चिंताजनक तस्वीर सामने आई है, जहां मध्यान्ह भोजन के बाद नन्हे–नन्हे विद्यार्थी स्वयं बर्तन धोते नजर आए। विद्यालय का रसोइया भोजन बनाने के बाद मीटिंग में चला गया, उसके बाद सभी बच्चे खाना खाए। 6 से 9 वर्ष आयु के छोटे बालक बर्तन के पीछे काले को साफ सफाई करते नज़र आए। यह दृश्य न सिर्फ नियमों के खिलाफ है, बल्कि बच्चों के प्रति लापरवाही और गंभीर उदासीनता को दर्शाता है। बच्चों से पूछताछ करने पर उन्होंने बताया कि रसोइया ने ही बर्तन धोने को कहा था। यह बात बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और चिंताजनक है कि इतने छोटे बच्चों को श्रम के लिए प्रेरित किया जा रहा है, जबकि यह पूर्णतः नियम विरुद्ध है।



इस संबंध में विद्यालय के संस्था प्रमुख से बातचीत की गई तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा किसी भी बच्चे को बर्तन धोने के लिए नहीं कहा गया है, बच्चे स्वयं ऐसा कर रहे होंगे। लेकिन बड़ा प्रश्न यह उठता है कि यदि विद्यालय प्रमुख बच्चों की गतिविधियों पर नजर ही नहीं रख पा रहे हैं, तो बच्चों की सुरक्षा, देखरेख और शिक्षा का जिम्मा आखिर किसके हाथों में है ? विद्यालय प्रबंधन की यह लापरवाही स्पष्ट रूप से कई सवाल खड़े करती है।

वहीं प्राथमिक शाला में छोटे बच्चों से श्रम करवाए जाने का मामला शिक्षा व्यवस्था और बच्चों की सुरक्षा पर गहरा सवाल खड़ा करता है। यह घटना न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि इस बात की भी आवश्यकता बताती है कि विद्यालयों में बच्चों के अधिकारों की सुरक्षा हेतु सख्त निगरानी और नियमों का पालन सुनिश्चित किया जाए।

इस पूरे मामले पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी से चर्चा करने पर उन्होंने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि छोटे बच्चों से इस तरह का कार्य करवाना पूर्णतः नियमों के विपरीत है। जांच कर संबंधित जिम्मेदार शिक्षकों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध उचित एवं दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# जेल तथा बठेना वार्ड का निस्तारी पानी खेतों में जा रहा



- किसानों ने जनदर्शन में शिकायत कर निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

जिला जेल तथा बठेना वार्ड का निस्तारी पानी किसानों के लिए मुसीबत बन गया है। पीड़ित किसानों ने निस्तारी पानी की उचित व्यवस्था करने की मांग कलेक्टर से की है। बठेना वार्ड के किसान ललित साहू, चंद्रकुमार साहू, शिवदयाल, अरूण साहू, दीपक, अमरूद, श्यामकुमार आदि ने कलेक्टर को सौंपे ज्ञापन में कहा है कि किसानों की निजी कृषि भूमि में पिछले दो साल से जिला जेल तथा बठेना बस्ती का निस्तारी पानी जा रहा है। खेतों में पानी जमा होने से कृषि कार्य करने में दिक्कतें आ रही हैं।

बदबूदार पानी से किसानों को खुजली और बीमारी की समस्या आ रही है। खरीफ फसल को हाथों से काटकर तुरंत खेत से बाहर निकलना पड़ा जिससे एक दिन के काम को एक सप्ताह लग गया। उपर से फसल खराब होने से उपज भी कम हो गई। वर्तमान में रबी फसल की तैयारी करनी है। पानी जमा होने से ट्रेक्टर खेतों में नहीं जा पा रहा है। किसानों ने जनदर्शन में शिकायत कर पानी निकासी की तत्काल व्यवस्था कराने की मांग की है ताकि वे रबी फसल के लिए किसानी कार्य प्रारंभ कर सके।

## पीजी कॉलेज में फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम

**धमतरी।** बीसीएस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय धमतरी के अंग्रेजी विभाग एवं भानुप्रतापदेव शासकीय महाविद्यालय कांकेर के अंग्रेजी विभाग के बीच 4 दिसंबर 2025 को हुए एमओयू के तहत संयुक्त रूप से फैकल्टी एवं स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीसीएस महाविद्यालय के एमए तृतीय सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने नाटक "एवं इंद्रजीत" की प्रभावशाली प्रस्तुति दी तथा विषय-आधारित पीपीटी प्रस्तुतिकरण एवं फन एक्टिविटी भी आयोजित की गई।

# साय सरकार जनता के साथ कर रही ठगी : तारिणी

**धमतरी।** प्रदेश में 400 यूनिट हाफ बिजली बिल योजना बंद होने के बाद से बिजली उपभोक्ताओं को सितंबर माह से भारी भरकम बिजली बिल देना पड़ रहा है । बिजली बिल हाफ मामले में भाजपा की साय सरकार जनता को ठग रही है। जिला कांग्रेस अध्यक्ष तारिणी चंद्राकर ने कहा है कि पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 400 यूनिट तक बिजली के दाम आधा किया था। कितनी भी खपत हो जनता को 400 यूनिट तक बिजली के दाम में छूट मिलती थी। साय सरकार ने योजना को बंद कर दिया। लगातार विरोध के बाद भाजपा सरकार ने 200 यूनिट तक बिजली के दाम में हाफ योजना लागू तो किया लेकिन वह भी तब ज़ब खपत 400 यूनिट से कम होगी। 400 यूनिट से ज्यादा खपत होने पर उपभोक्ताओं को 200 यूनिट हाफ योजना का लाभ नही मिलेगी और पूरा बिल लगेगा। यह जनता की कमाई पर सरकार की लूट है।



## प्राथमिक शाला कमारपारा में मना वार्षिकोत्सव

**नगरी।** शाला प्रबंधन एवं विकास समिति पालकों के सहयोग से वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। प्रथम दिवस खेलकूद का शुभारंभ अमाली के सरपंच हिरौंदी बाई ध्रुव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। निशाना लगाओ, जलेबी दौड़, रस्सा खींच, कुर्सी दौड़, हंडी फोड़, फुगड़ी एवं मोमबत्ती जलाओ स्पर्धा हुई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्त्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

यहां वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, लकवा रोग, बवासीर, पेट रोग, पुरूषों के गुप्त रोग, स्त्री रोग-सफेद पानी आना, मासिक रूकावट केश रोग, मूत्र रोग, शुगर रोग, चर्म रोग, बुखार, सर्दी, खांसी, स्वांस रोग व दांत रोग के इलाज में
तुरंत आराम के लिए
बाबा आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - हाउसिंग बोर्ड कालोनी पोटियाडीह धमतरी मो.नं. : 8319483810
यहां डॉक्टर का फीस नहीं लगता
खुलने का समय सुबह 8 से 9 बजे तक







